तीन दिवसीय 'रोबोमेनिया' का उद्‌घाटन होगा कल

गोरखपुर | कार्यालय संवाददाता

एमएमएमयूटी

- प्रो. ओंकार सिंह दोपहर ढाई बजे कार्यक्रम का करेंगे उद्‌घाटन
- तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में इस बार 12 तकनीकी कार्यक्रम होंगे

एमएमएमयूटी में तीन दिवसीय रोबोमेनिया-2017 का शुभारंभ तीन मार्च को होगा। रोबोटिक्स क्लब की ओर यह जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति प्रो. ओंकार सिंह दोपहर ढाई बजे कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे।

रोबोटिक्स क्लब इस साल अपनी दसवीं वर्षगांठ मना रहा है। इसलिए देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों जैसे बीआईईटी झांसी, आईटीएम गीडा, पीएसआईटी कानपुर आदि कॉलेज सम्मिलित होंगे।

तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में इस बार 12 तकनीकि कार्यक्रम होंगे। मसलन रोबोवार में दो रोबोट का टकराव देखने को मिलेगा। प्रतिभागी अपने कौशल से टकराव को प्रभावी बनाएंगे। लेजर स्ट्राइक कंप्यूटर गेम काउंटर गेम से प्रेरित है, इसका असली दुनिया में प्रदर्शन होगा। बम डिफ्यूजन में एक निश्चित वक्त मिलेगा, जिसमें बम को डफ्यूज करना होगा। इसी तरह इलेक्ट्रो टेकेन, इलेक्ट्रो एनएफएस, सर्किट विक्सार्ड आदि तकनीकि कार्यक्रमों का आयोजन होगा।